उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 274 /25/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/20-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 21 नवम्बर, 2026

आयोग के विज्ञापन संख्या-20-परीक्षा/2026, महाधिवक्ता कार्यालय (कम्प्यूटर संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/20 के अंतर्गत महाधिवक्ता कार्यालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए एवं सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के कुल रिक्त 12 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 28.09.2026 थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित महाधिवक्ता कार्यालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए एवं सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-ए-68706/2015, ललित कुमार प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए एवं सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के कुल रिक्त 12 पदों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट 486 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं कट-आफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार लम्बवत आरक्षण के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु कट-आफ 70.06 अंक तथा अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु कट-आफ 64.97 अंक निर्धारित हुआ है। अवगत कराना है कि अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं है। क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित कट-आफ अंक निम्नवत है-

क्र०सं0	क्षैतिज श्रेणी	कट–ऑफ अंक
1	महिला	69.87

सूच्य है कि प्रश्नगत पदों हेतु क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत महिला श्रेणी के अतिरिक्त किसी अन्य श्रेणी / उपश्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं।

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-20-परीक्षा/2026, महाधिवक्ता कार्यालय (कम्प्यूटर संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/20 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 486 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

21.11.26

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।